दिनांक : 30.07.2025 समय : 01:00 पी.एम.

# आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
## प्रादेशिक समाचार

राज्यसभा में आज ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा जारी है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सदन में कहा कि पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार की ओर से कई कदम उठाये गये और पाकिस्तान को करारा जवाब दिया गया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करना था। भारतीय सेना की कार्रवाई संतुलित और नपीतुली थी।

......................

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि केवल तीन वर्ष में ही वंदे भारत रेल सेवा सभी राज्यों में उपलब्ध है। लोकसभा में आज एक प्रश्न के उत्तर में श्री वैष्णव ने बताया कि फिलहाल देशभर में 144 वंदे भारत रेलगाड़ियां चल रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्यों से ऐसी रेलगाडियों की और अधिक मांग आ रही है। श्री वैष्णव ने कहा कि पिछले कुछ वर्ष में सामान्य श्रेणी के कोच की संख्या में बढोतरी की गई है। उन्होंने बताया कि रेलगाड़ियों में कुल 82 हजार कोच में से 70 प्रतिशत सामान्य और गैर–वातानुकूलित हैं।

......................

प्रदेश के दक्षिण–पूर्वी हिस्सों में भारी बारिश का दौर बना हुआ है। पिछले 24 घंटों में कहीं–कहीं बहुत भारी बारिश रिकॉर्ड की गई है। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 23 सेंटीमीटर पानी सवाईमाधोपुर के खंडार में बरसा। जिला मुख्यालय, मलारना डूंगर और चौथ का बरवाड़ा में 20 सेंटीमीटर से अधिक बरसात दर्ज की गई। बारां में भी कई इलाकों में 15 सेंटीमीटर से अधिक वर्षा हुई।

इस बीच, आज भी कई स्थानों पर लगातार बरसात हो रही है। राजधानी जयपुर में सुबह से बरसात की झड़ी लगी हुई है। भारी बरसात से कुछ स्थानों पर जनजीवन प्रभावित है। कई नदी नाले उफान पर हैं। कई गांवों का मुख्य मार्गों से सम्पर्क कट गया है। सवाईमाधोपुर में गिलाई सागर बांध सहित अन्य बांधों पर चादर चल रही है। सवाईमाधोपुर रेलवे स्टेशन पर पानी की निकासी कर रेल यातायात को सुचारु करने के प्रयास किये जा रहे हैं। करौली के मंडरायल–करणपुर में चंबल नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। प्रशासन की ओर से लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा रहा है। तेज बारिश की आशंका को देखते हुए अजमेर, राजसमंद और भीलवाडा सहित 14 जिलों में स्कूलों में आज का अवकाश घोषित किया गया है। कोटा में 1 अगस्त तक स्कूलों में बच्चों का अवकाश रहेगा। मौसम विभाग ने आज राज्य के छह जिलों के लिए मूसलाधार बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इनमें बारां, बूंदी, चित्तौड़गढ़, झालावाड़, कोटा और प्रतापगढ़ जिले शामिल हैं। वहीं लगभग सभी जिलों में बरसात का येलो अलर्ट है।

इस बीच, आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने कहा है कि राज्य सरकार किसी भी आपातकालीन परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क और तैयार है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मीणा ने लोगों से जलभराव और बाढ़ संभावित क्षेत्रों से दूर रहने तथा सावधानी रखने की अपील की है। वे आज सवाईमाधोपुर में भारी वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं।

......................

नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में चल रहा तीजोत्सव और क्राफ्ट मेला आज सम्पन्न होगा। सप्ताहभर चले इस मेले में राजस्थान के दूर दराज के क्षेत्रों से आए दस्तकारों और हस्त कलाकारों के उत्पादों को लेकर लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। मेले में बंधेज की साड़ियां, सांगानेरी हैंड ब्लॉक उत्पाद, लाख के कंगन और चूड़ियां आकर्षण का केन्द्र बनी हुई हैं। मेले में राजस्थानी व्यंजनों के स्टॉल्स पर भी भारी भीड़ देखी जा रही है।

......................

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो आज सिंथेटिक अपर्चर राडार उपग्रह–निसार अंतरिक्ष में भेजेगा। यह इसरो और अमरीकी अंतरिक्ष एजेंसी–नासा का संयुक्त मिशन है। आंध्र प्रदेश में श्री हरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से जी.एस.एल.वी.–एफ16 रॉकेट से शाम पांच बजकर चालीस मिनट पर यह प्रक्षेपण होगा। इस मिशन का उद्देश्य हर बारह दिन पर पृथ्वी और इसकी आंतरिक हलचलों का बारीकी से निरीक्षण करना है।

......................

पद्‌म पुरस्कारों के लिए नामांकन और अनुशंसाओं की आखरी तारीख 15 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। पुरस्कारों के लिए नामांकन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त किए जाएँगे। पद्‌म पुरस्कार–2026 की घोषणा गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाएगी।

......................